प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पोस्ट बजट पर आयोजित तीन वेबिनार में लेंगे भाग, एमएसएमई, निर्यात और नियामक सुधारों पर होगी चर्चा।
- राज्य के बजट पर आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी, सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने नकारा, आज और कल विधानसभा में बजट पर होगी चर्चा।
- निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय सम्मेलन आज से दिल्ली में, झारखंड समेत सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी होंगे शामिल।
- राज्य में फिर मौसम में बदलाव की संभावना, अगले दो दिनों में तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट का पूर्वानुमान, आज पांच बजकर तिरपन मिनट पर होगा सूर्यास्त।
- रांची के बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर मोहन का शेष भारत अंडर –23 टीम में चयन, नौ मार्च से मोहाली में होने वाले कर्नल सीके नायडु चैंपियनशिप में दिखायेंगे अपनी प्रतिभा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पोस्ट बजट पर आयोजित तीन वेबिनार में भाग लेंगे। ये वेबिनार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों–एमएसएमई को विकास, विनिर्माण और निर्यात के क्षेत्र में प्रमुखता देने के साथ–साथ परमाणु ऊर्जा मिशन, नियामक, निवेश और व्यापार को आसान बनाने के लिए सुधारों के इंजन के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। श्री मोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को भी संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज छठा दिन है। आज दिन भर सरकार द्वारा पेश किये गये बजट के आय–व्यय पर चर्चा होगी। यह चर्चा कल भी जारी रहेगी, जिसके बाद सरकार अपना जवाब देगी। गौरतलब है कि राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कल एक लाख 45 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट सदन में पेश किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत सत्ता पक्ष ने इसे संतुलित बजट बताया है। हालांकि प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने बजट को निराशाजनक बताते हुए सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि बजट में कुछ भी नया नहीं है।

इस बीच पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि इस बजट में युवाओं और किसानों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

*******************

निर्वाचन आयोग आज से नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान में झारखंड समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करेगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से नमो ऐप ओपन फोरम पर और अधिक प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करने का आग्रह किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने बताया कि नमो ऐप पर साझा की गई प्रेरक यात्राओं में से कुछ महिलाओं को 8 मार्च को महिला दिवस पर प्रधानमंत्री के डिजिटल सोशल मीडिया अकाउंट्स का संचालन करने के लिए चुना जाएगा।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

गुमला जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत 25 गांवों में वाटर शेड यात्रा शुरु की गयी है।

*******************

राज्य में एक बार फिर मौसम में बदलाव की संभावना है। उत्तर भारत में बर्फवारी और बारिश का असर राज्य में भी दिखायी देगा। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले दो दिन में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इससे सुबह और शाम में ठंड का एहसास होगा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आज सूर्यास्त पांच बजकर तिरपन मिनट पर होगा।

*******************

रांची के बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर मोहन का चयन शेष भारत अंडर–23 टीम में किया गया है। वह झारखंड के एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिनका चयन शेष भारत की टीम में किया गया है। शेष भारत की टीम नौ मार्च से मोहाली में कर्नल सीके नायडु चौंपियनशिप में पंजाब के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

*******************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत और ऑस्ट्रेलिया आमने सामने होंगे। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- जमशेदपुर में दिवंगत उपमुख्यमंत्री सुधीर महतो और विधायक सविता महतो की पुत्री स्नेहा महतो के शादी के समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। उनके साथ उनकी पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन भी थीं।
- रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए अलग–अलग क्षेत्रों में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का का काम किया जा रहा है। इस सिलसिले में सोमवार को दो हजार छह सौ पचीस किलोग्राम ब्लास्टिंग सामग्री के उपयोग से कुल 143 अवैध मुहानों एवं 11 सुरंगों को बंद किया गया।
- सरायकेला–खरसावां जिले के तिरुलडीह थाना परिसर में कुकड़ू के अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान की अध्यक्षता में विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद से जुड़े कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया।
- हजारीबाग यूथ विंग की ओर से जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 221 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य के वित्त मंत्री द्वारा पेश किये गये पूर्ण बजट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है–मइंया को सब कुछ अर्पण।
- हिन्दुस्तान लिखता है–अबुआ बजट में सबका कल्याण।
- प्रभात खबर के शब्द हैं–सब पर भारी मंइयां हमारी।
- दैनिक जागरण ने लिखा है– विकास की उम्मीदों का बजट।
- रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– झारखंड विधानसभा में 1.45 लाख करोड़ का बजट पेश।
- अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी झारखंड विधानसभा में पेश किये गये बजट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है जबकि हिन्दुस्तान टाइम्स ने सोशल मीडिया पोस्ट पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा– निर्देश की खबर को पहले पन्न की सुर्खी बनायी है।

***************